दुष्कर्म की कोशिश करने वाले आरोपित को राजपुर थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### विकास कार्यों को लेकर सीएम से मिले विस अध्यक्ष

**संवाददाता** ऋषिकेश। विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने सीएम से ऋषिकेश क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से करने की गुहार लगाई है। उन्होंने संजय झील, बैराज जलाशय में वाटर स्पोर्ट्स सहित अन्य कार्य करवाने की मांग की। सीएम पुष्कर सिंह धामी से जल्द सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शुक्रवार को विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने देहरादून में सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। वहीं राज्य योजना से क्षेत्र की और सड़कों के निर्माण, विधान सभा क्षेत्र में कन्या महाविद्यालय की स्थापना सहित विभिन्न कार्य करने की मांग की।

### चार मंजिला भवन को सील करने पंहुची टीम, विरोध में उतरे व्यापारी

**संवाददाता** देहरादून। प्रेमनगर में कालरा स्वीट शॉप के चार मंजिला भवन को सील करने पहुंची कैंट बोर्ड टीम को व्यापारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को कार्रवाई के लिए टीम मौके पर पहुंची तो यहां व्यापारी विरोध में उतर आए। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं मामले को देखते हुए सेना को भी बुलाया गया है। बता दें कि उक्त भवन को बिना नक्शा पास कराए ही बनाया गया था। जिस पर टीम शुक्रवार को कार्रवाई करने पहुंची थी। प्रेमनगर में कालरा स्वीट शॉप नाम से दुकान है।

### कई डकैतियों का मास्टरमाईड ईनामी बदमाश गजनी गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में ईनामी अपराधियों की धरपकड़ के तहत एसटीएफ की टीम ने 10 हजार के ईनामी कुख्यात सैफ अली उर्फ गजनी को उत्तर प्रदेश के इस्लाम नगर चंदौसी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसटीएफ के गिरफ्त में आए सैफ अली उर्फ गजनी पर साल 2018 में हरिद्वार के कनखल और कलियर में एक साथ दो डकैती वारदात को अंजाम देने का आरोप हैं।

### जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज ने नारायण कार्तिकेयन को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय टायर उद्योग की प्रमुख एवं ट्रक बस रेडियल सेगमेंट में मार्केट लीडर जेके टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड ने पद्म से सम्मानित एवं भारत के पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर नारायण कार्तिकेयन को अपना ब्राण्ड एम्बेसेडर नियुक्त किया है। उद्योग में नवाचार और उत्कृष्टता अभियान को आगे बढ़ाने में कार्तिकेयन ब्राण्ड के चेहरा होगें। अपने ब्राण्ड मूल्यों एवं रणनीति के अनुरूप जेके टायर ने नारायण कार्तिकेयन के रूप में विश्वास एवं उच्च प्रदर्शन का एक नया अवतार पाया है।

# कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई मोदी सरकार

**आक्रोश**

■ ट्विटर मामले को लेकर कांग्रेस आईटी सेल के कार्यकर्ताओं ने फूंका सरकार का पुतला



**संवाददाता**

देहरादून। कांग्रेस नेताओं के ट्विटर अकाउंट ब्लॉक और निलंबित होने से नाराज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने स्वरूप एश्ले हॉल चौक पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही सरकार का पुतला फूंका। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई है। इसलिए ट्विटर पर दबाव बनाकर अकाउंट ब्लॉक व सस्पेंड करा रही है।

कांग्रेस आईटी सेल के संयोजक अमरजीत ने राहुल गांधी समेत पार्टी नेताओं के ट्विटर अकाउंट ब्लॉक किए जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के खाते को ब्लॉक करने के साथ–साथ ट्विटर ने देश भर के कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं के 5,000 से अधिक ट्विटर अकाउंट बंद करने या फिर उनसे छेड़छाड़ का कार्य किया है। साथ ही पार्टी के आधिकारिक हैंडल को भी ब्लॉक कर दिया गया है। अमरजीत ने आरोप लगाया कि इसमें केंद्र सरकार का हाथ है, क्योंकि केंद्र की सरकार कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई है। केंद्र सरकार के दबाव में आकर जिस तरह से ट्विटर हरकत कर रहा है, उससे पता चलता है कि भाजपा को राहुल गांधी और कांग्रेस का कितना खौफ हो चुका है। अमरजीत ने कहा कि बीते दिनों दिल्ली में दुष्कर्म पीड़िता बच्ची को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आवाज उठाई गई। ऐसे में यदि शोषितों की आवाज उठाना अपराध है तो ये अपराध हम बार–बार करेंगे।

वहीं, कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष विशाल मौर्य ने कहा कांग्रेस के तमाम शीर्ष नेताओं के ट्विटर अकाउंट केंद्र सरकार के दबाव में ब्लॉक या निलंबित किए जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है। यह लोकतंत्र में विपक्षी स्वरों को चुप कराने का षड्यंत्र है। कांग्रेस पार्टी इस मामले में चुप नहीं बैठेगी और इस दमनकारी नीति के खिलाफ जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेगी। कांग्रेसियों का कहना है कि जिस तरह केंद्र सरकार ने ट्विटर पर दबाव बनाकर राहुल गांधी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, अमरजीत सिंह समेत अन्य नेताओं के ट्विटर अकाउंट को ब्लॉक व सस्पेंड किया है, इसके विरोध में कांग्रेस यह बताने जा रही है कि केंद्र सरकार ट्विटर को दबाव में लेकर हमारे नेताओं की बात जनता तक नहीं पहुंचने देना चाहती है।

### चार साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश, पुलिस ने धर-दबोचा

देहरादून। राजधानी देहरादून में चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने वाले आरोपित को राजपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित दुष्कर्म में असफल होने के बाद ट्रफलगर फ्लैट–सी की पार्किंग के पीछे छुप गया था। एसओ राकेश शाह ने बताया कि 12 अगस्त को शिकायत दी थी कि किशन कुमार जोकि ट्रेफलगार्ड सोसायटी में हाउस कीपिंग का कार्य करता है। उसने उनकी चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। जांच में पुलिस को पता लगा कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपित ट्रफलगर फ्लैट–सी की पार्किंग के पीछे छुपा है। पुलिस ने आरोपित को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान किशन कुमार पुत्र हजारी शर्मा निवासी वीरवार थाना महेशी जनपद साहरसा (बिहार) वर्तमान करनपुर थाना डालनवाला के रूप में हुई है।

# टेक होम राशन पर अपनी सरकार के खिलाफ रितु खंडूड़ी

**रोष**

■ यमकेश्वर विधायक रितु खंडूरी भी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ हो गई खड़ी



**संवाददाता**

ऋषिकेश। इन दिनों स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं सरकार के खिलाफ सड़कों पर हैं। दरअसल सरकार ने स्वयं सहायता समूहों से टेक होम राशन का कार्य वापस लेने का निर्णय लिया है। सरकार के इस फैसले पर पुनर्विचार और रोक लगाने के लिए अब यमकेश्वर विधायक रितु खंडूरी भी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ खड़ी हो गई हैं।

बता दें, उत्तराखंड में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से टेक होम राशन के कार्य में प्रदेश की लगभग 40 हजार महिलाएं सीधी तौर पर जुड़ी हुई हैं। इन 40 हजार महिलाओं के साथ–साथ लगभग एक लाख से अधिक लोगों को सीधे तौर पर इसका फायदा मिल रहा है, लेकिन सरकार ने टेक होम राशन का कार्य स्वयं सहायता समूह से वापस लेकर मल्टीनेशनल कंपनी को देने का निर्णय लिया है। इसके लिए सरकार बाकायदा टेंडरिंग प्रक्रिया भी अपना रही है। इसी बात को लेकर स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर गई हैं। बीते रोज महिलाओं ने महिला कल्याण निदेशालय के बाहर प्रदर्शन किया था।

वहीं, 2 महिलाओं ने सरकार के द्वारा मिले तीलू रौतेली पुरस्कार को भी वापस लौटा दिया था। मामले को बढ़ता देख यमकेश्वर विधायक व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रितु खंडूड़ी भी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के साथ खड़ी हो गई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस फैसले को वापस लेने के लिए कहा जाएगा। टेक होम राशन का कार्य स्वयं सहायता समूहों को ही मिलना चाहिए. आने वाले विधानसभा सत्र में भी वह इस बात को रखेंगी।

### दो डोज लगवा चुके विधायकों को नेगेटिव रिपोर्ट से मिल सकती है छूट

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा का मानसून सत्र 23 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। सत्र के दौरान कोविड वैक्सीन की दोनों डोज लगवा चुके विधायकों को कोरोना जांच की निगेटिव रिपोर्ट से छूट दी जा सकती है। विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने शुक्रवार को पत्रकारों बातचीत में कहा कि विधानसभा इस बारे में विचार कर रही है। स्वास्थ्य विभाग से विमर्श कर इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान कोविड प्रोटोकाल का कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने इससे पहले विधानसभा में सत्र की व्यवस्थाओं के सिलसिले में मुख्य सचिव समेत अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा समेत सभी व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सत्र के लिए अभी विधायकों ने 762 प्रश्न लगाए हैं।


In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।